# अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस का जयपुर दौरा कपड़े से ढका परकोटे का गलियारा

## चार दिन वेंस जहां जाएंगे, ट्रैफिक बंद रहेगा, कैमरों से रखी जाएगी नजर

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस सोमवार रात 9.30 बजे जयपुर पहुंचे। चार दिन (21 से 24 अप्रैल) रुकेंगे। वेंस के दौरे से पहले चौराहों और आमेर महल की दीवारों को सजाया गया है। परकोटे में वेंस के गुजरने वाले रास्तों पर लोगों की आवाजाही रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर सफेद कपड़े से ढक दिया गया है। इसके कारण परकोटे के गलियारे भी ढक गए हैं। सुरक्षा एजेंसी के साथ राजस्थान पुलिस की टीम भी एक्टिव रहेगी। आज रात साढ़े 9 बजे से जेएलएन मार्ग पर करीब 30 मिनट के लिए ट्रैफिक पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। इस दौरान लोग दूसरे रास्तों का इस्तेमाल कर सकते हैं। जयपुर एयरपोर्ट के बाहर निकलने के साथ ही वेंस पर अभय कमांड रूम से तीसरी आंख से नजर रखी जाएगी। वेंस के सिटी में मूवमेंट से 10 से 15 मिनट पहले ट्रैफिक को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। न्यू गेट से त्रिपोलिया गेट तक पूरे चौड़ा रास्ता में कपड़ा लगाया गया है। वहीं, त्रिपोलिया गेट से बड़ी चौपड़ तक भी कपड़ा लगा है। बड़ी चौपड़ पर भारत के साथ में अमेरिका का झंडा लगाया गया है। जेएलएन मार्ग को सजाया गया है।



**वेंस के सिटी में मूवमेंट को लेकर प्लान बनाया :** जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने वेंस के सिटी में मूवमेंट को लेकर एक प्लान बनाया है। इसके अनुसार वेंस के जयपुर में रहने के दौरान ट्रैफिक में बदलाव किए गए हैं। 24 अप्रैल तक जयपुर सिटी में कई परीक्षाएं हैं। पुलिस ने अपील की है कि लोग इस रूट को ध्यान में रखते हुए समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंच जाएं। इससे उन्हें कोई परेशानी न हो।

**7 आईपीएस फील्ड में रहेंगे तैनात :** एडिशनल पुलिस कमिश्नर रामेश्वर सिंह ने बताया- 7 आईपीएस अधिकारी इस दौरान फील्ड में रहकर सुरक्षा पर काम करेंगे। कुछ सीनियर को अभय कमांड रूम में बिठाया गया है। वेंस के मूवमेंट के दौरान अभय कमांड से भी उनके काफिले पर नजर रखी जाएगी। जयपुर पुलिस ने सुरक्षा को लेकर सभी इंतजाम पूरे कर लिए है। सोमवार रात वेंस के आने के बाद हमारी टीम 24 घंटे उनकी सुरक्षा में रही। न्यू गेट से त्रिपोलिया गेट तक पूरे चौड़ा रास्ता में कपड़ा लगाया गया है। वहीं, त्रिपोलिया गेट से बड़ी चौपड़ तक भी कपड़ा लगा है। बड़ी चौपड़ पर भारत के साथ में अमेरिका का झंडा लगाया गया है। जेएलएन मार्ग को सजाया गया है।

# प्रदेश बना देशव्यापी साइबर सुरक्षा आंदोलन का केंद्र

## व्हाट नाउ ने लॉन्च किया यूथ एंबेसडर प्रोग्राम

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

हाल ही में राजस्थान में साइबर उत्पीड़न और ऑनलाइन बुलींग के खिलाफ शुरू किए गए राज्यव्यापी अभियान को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। व्हाट नाउ के हेल्पलाइन नंबर +91-9019115115 पर पूरे राज्य से लगातार कॉल आ रहे हैं, जिनमें लोग कानूनी सहायता, भावनात्मक सहयोग और त्वरित हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। यह बढ़ती हुई मांग इस बात को उजागर करती है कि छात्रों और युवाओं के लिए सुलभ साइबर सुरक्षा प्रणाली कितनी जरूरी हो गई है। इस प्रतिक्रिया को देखते हुए व्हाट नाउ अब राजस्थान में अपना प्रमुख यूथ एम्बेसडर प्रोग्राम शीघ्र शुरू करने जा रहा है, जिसमें कॉलेज के छात्रों को डिजिटल फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।

संस्थापक नीति गोयल ने कहा, कॉल थम ही नहीं रहे हैं। यह बताता है कि जमीनी स्तर पर इसकी जरूरत कितनी अधिक है। सह-संस्थापक और कानूनी रणनीतिकार अक्षत खेतान ने जोड़ा, 'हम एक ऐसा ढांचा बना रहे हैं, जहां पीड़ित अकेले न रहें और उनका साथ देने के लिए प्रशिक्षित युवा साथियों का नेटवर्क हो।' आनेका गोयल, जो व्हाट नाउ की ग्लोबल यूथ एम्बेसडर हैं, राजस्थान की इस पहल का नेतृत्व करेंगी, जबकि अव्यय गोयल छात्रों के बीच जमीनी स्तर पर सक्रिय भागीदारी को आगे बढ़ाएँगे।

यह कार्यक्रम साइबर कानून, भावनात्मक प्राथमिक चिकित्सा, रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं और साथी शिक्षण पर केंद्रित होगा, और लक्ष्य है कि मध्य 2025 तक राजस्थान के कॉलेजों में डिजिटल सेफ्टी सेल्स स्थापित किए जाएँ। राजस्थान अब इस राष्ट्रीय अभियान का केंद्र बन रहा है, यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जन आन्दोलन है।



# इजराइल ने माना-15 मेडिकल स्टाफ की हत्या गलती से हुई

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल ने गाजा में पिछले महीने 15 मेडिकलकर्मियों की मौत के मामले में अपनी गलती मानी है। इजराइल डिफेंस फोर्सस ने कहा कि सैनिकों से पेशेवर गलतियां हुई हैं। इसके मद्देनजर एक अधिकारी को बर्खास्त किया गया है। इजराइली सैनिकों ने 23 मार्च को एम्बुलेंस, फायर ट्रक और संयुक्त राष्ट्र के वाहन पर गोलियां चलाई थीं। इसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। इजराइल ने बाद में दावा किया कि इनमें से 6 हमास के सदस्य थे। इजराइल की जांच रिपोर्ट में कहा कि गया है कि सैनिकों ने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था।

**शुक्रवार को इजराइली हमले में 90 लोगों की मौत :** गाजा में शुक्रवार सुबह इजराइली एयरस्ट्राइक में अब तक 90 लोगों की मौत हो गई, जबकि सैकड़ों घायल हैं।

गाजा सरकार के मुताबिक बीते 18 महीने की लड़ाई में अब तक गाजा के 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं यूएन ने चेतावनी देते हुए कहा कि गाजा में हजारों लोग पर भूखे मरने का जोखिम है। गाजा में लगातार इजराइली गोलीबारी, हवाई हमले और नाकाबंदी की वजह से लोग मानसिक तौर पर बुरी तरह से टूट चुके हैं। कई लोगों अपने बच्चों को पेट भर खाना खिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। न्यूज एजेंसी वफा के मुताबिक इजरायली सैनिकों वेस्ट बैंक में हेब्रोन के फव्वार रिफ्यूजी कैंप में 8 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया। सैनिकों ने यहां कई घरों पर छापे मारे गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और तोड़फोड़ की।

# राहुल अमेरिका में बोले- चुनाव में गड़बड़ी साफ दिख रही

**बोस्टन (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिका के बॉस्टन में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर सवाल उठाए। उन्होंने रविवार शाम भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह साफ है कि भारतीय चुनाव आयोग समझौता कर चुका है। इस सिस्टम में कुछ गड़बड़ी है। राहुल 2 दिन के अमेरिका दौरे पर हैं।

राहुल गांधी शनिवार देर रात को अमेरिका के बॉस्टन एयरपोर्ट पर उतरे थे। वे यहां रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे, जहां वे फैकल्टी और छात्रों से बातचीत करेंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राहुल गांधी के इस दौरे की जानकारी एक्स पर दी थी।



राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी की भी प्रतिक्रिया भी आई है। बीजेपी नेता संबित पात्रा ने राहुल पर कई आरोप लगाए हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में फर्जी तरीके से वोटर्स जोड़े जाने का आरोप लगाया था। इस साल फरवरी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी हुई।

# पुलिस हेड कांस्टेबल दस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** एसीबी की सवाई माधोपुर टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना स्वांजना डूंगर जिला सवाई माधोपुर के पुलिस हेड कांस्टेबल रणजीत सिंह को परिवादी से दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। पुलिस हेड कांस्टेबल यह रिश्वत परिवादी के खिलाफ दर्ज परिवाद को रफा-दफा करने की एवज में मांगी गई थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी की सवाई माधोपुर को परिवादी ने शिकायत दी कि पन्द्रह दिन पहले उसके और गांव के रहवासी के बीच झगडा हो गया था। इस झगडे की रिपोर्ट उसके खिलाफ पुलिस थाना रवांजना डूंगर में कर दी गई। इसकी जानकारी दो—तीन दिन पहले पुलिस थाना रवांजना डूंगर के पुलिसकर्मी रणजीत सिंह ने उसे दी और एससी-एसटी के केस में न फसाने और मामले को रफा दफा करने के बदले में पुलिस हेड कांस्टेबल रणजीत सिंह दस हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी सवाई माधोपुर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने रिश्वत मांग सत्यापन बीस अप्रेल को दस हजार रुपये रिश्वत की मांग करना तथा रिश्वत मांग सत्यापन के बाद 21 अप्रैल को ट्रेप की कार्रवाई की।



## बिजनेस

# सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास सुविधाओं से लेंस है टोयोटा हाइलक्स ब्लैक एडिशन

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किए गए नए हाइलक्स ब्लैक एडिशन का उद्देश्य आक्रामक और परिष्कृत ऑल-ब्लैक थीम प्रदान करना है, साथ ही इसकी शानदार मजबूती, शक्ति और प्रदर्शन को बरकरार रखना है। हाइलक्स ब्लैक एडिशन के केंद्र में 2.8 लीटर फोर-सिलेंडर टर्बो-डीजल इंजन है, जो 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (500 एनएम टॉर्क) के साथ उपलब्ध है। इसका 4एक्स4 ड्राइवट्रेन एक सहज ऑफ-रोड अनुभव सुनिश्चित करता है। यह इसे प्रदर्शन, शक्ति और परिष्कार का सही संयोजन बनाता है। टोयोटा की विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग, उन्नत सुरक्षा सुविधाएं और सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास आराम हाइलक्स ब्लैक एडिशन को अपने सेगमेंट में खास बनाते हैं, जो सेगमेंट-लीडिंग 500 एनएम टॉर्क, एक अभिनव बहुउद्देश्यीय वाहन (आईएमवी) प्लेटफॉर्म और एक असाधारण 700 मिमी पानी में उतरने की क्षमता प्रदान करता है। ओम टोयोटा के डायरेक्टर विवेक कोठारी, एग्जिटिव डायरेक्टर सोनाली ठोलिया, एसोसिएट डायरेक्टर विशेष कोठारी और वाइस प्रेसिडेंट सेल्स एंड मार्केटिंग विवेक शर्मा के अनुसार, हाइलक्स ब्लैक एडिशन में बिल्कुल नया ब्लैक थीम वाला एक्सटीरियर है, जो इसे सड़क पर एक प्रभावशाली उपस्थिति देता है। प्रमुख डिजाइन संवर्द्धन में ब्लैक रंग का फ्रंट रेडिएटर ग्रिल, मस्कुलर बोनट लाइन और कस्टमाइज्ड हब कैप के साथ 18 इंच के ब्लैक अलॉय व्हील शामिल हैं।



ब्लैक ओआरवीएम कवर, डोर हैंडल, फेंडर गार्निश और फ्यूल लिड गार्निश जैसे अतिरिक्त स्टाइलिंग तत्व इसे आकर्षक और आक्रामक लुक देते हैं। फ्रंट बंपर में स्पोर्टी टच देने वाला अंडर रन फीचर है। आधुनिक व प्रीमियम एस्थेटिक को पूरा करने के लिए शार्प स्वेप्ट-बैक एलईडी हेडलाइट्स और एलईडी रियर कॉम्बिनेशन लैंप हैं, जो एक विशिष्ट लाइटिंग सिग्नेचर सुनिश्चित करते हैं।

# सेंसेक्स 855 अंक चढ़कर 79,408 पर बंद

## निफ्टी में भी 273 अंक की तेजी रही, आईटी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा बढ़त

**मुंबई (एजेंसी)।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 855 अंक चढ़कर 79,408 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 273 अंक चढ़ा, ये 24,125 के स्तर बंद हुआ। वहीं बैंक निफ्टी नए रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। ये 1,014 अंक चढ़कर 55,304 पर बंद हुआ। बैंकिंग के अलावा सोमवार को आईटी और मेटल शेयर्स में भी बढ़त रही।



यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प की 90 दिनों की अस्थायी टैरिफ राहत से भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते की चर्चाओं को गति मिलने की उम्मीद है। भारत के विपरीत चीन को अमेरिका की तरफ से टैरिफ में छूट नहीं दी गई है। इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स को शॉर्ट टर्म में कॉम्पिटिटिव एडवांटेज मिल सकता है। विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में खरीदारी कर रहे हैं। 17 अप्रैल को फील्स ने 4,667 करोड़ के शेयर खरीदे। बीते हफ्ते फील्स ने टोटल 14,670 करोड़ के शेयर खरीदे। सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में तेजी का मुख्य कारण बैंकिंग शेयरों में आई तेजी है।

# वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एंड मोबिलिटी ने जॉय ई-बाईक मॉडलों की कीमत में कटौती की

**वड़ोदरा (एजेंसी)।** भारत में 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाले प्रमुख निर्माताओं में से एक वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया मॉडलों की रेंज पर कीमतों में कमी की घोषणा की है।



देश भर में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को सुलभ बनाना और ईवी अडॉप्शन को बढ़ावा देना इस कदम का मुख्य उद्देश्य है। कंपनी ने मार्केट में अपनी मौजूदगी बढ़ाने तथा अधिक से अधिक ईवी उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए चुनिंदा मॉडलों की कीमत में रुपए 13,000 तक की कमी की है। ये नई कीमतें वोल्फ 31एएच, जेन नेक्स्ट 31एएच, जेन नेक्स्ट नानू प्लस, वोल्फ प्लस, जेन नेक्स्ट नानू ईको और वोल्फ इको सहित कई मॉडलों पर लागू होंगी। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों के बढ़ते पोर्टफोलियो और उपभोक्ता-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ईवी उद्योग में अपनी स्थिति को सशक्त बनाने के प्रयास निरंतर जारी रखे हुए है।

## स्पोर्ट्स

# 34 खिलाड़ियों को बीसीसीआई का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट मिला

### श्रेयस-ईशान की वापसी, रोहित-विराट ए+ में बरकरार, अश्विन सहित पांच खिलाड़ी बाहर किए गए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हो गई है। पिछले साल दोनों को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 2023-24 से बाहर किया गया था। वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ए+ में बरकरार रहेंगे। ये तीनों पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। वहीं, बुमराह भी ए+ ग्रेड में बने रहेंगे।

श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को पिछले साल सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट से बाहर करने की सबसे बड़ी वजह घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलना था। बोर्ड ने आदेश दिया था कि नेशनल टीम में अगर खिलाड़ी शामिल नहीं है, तो उसे घरेलू क्रिकेट में खेलना चाहिए। बोर्ड के आदेश के बावजूद श्रेयस अय्यर और ईशान किशन उस समय के बचे हुए रणजी ट्रॉफी मैच में नहीं खेले थे।





श्रेयस ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की और आखिरी रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए पांच मैचों में 480 रन बनाए। नौ मैचों में 345 रन बनाकर श्रेयस सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 325.00 की शानदार औसत से पांच मैचों में 325 रन बनाए। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की 5 पारियों में 79.41 के स्ट्राइक रेट से 243 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो अर्धशतक भी लगाए थे। उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली थी। वे टूर्नामेंट के दूसरे टॉप स्कोरर रहे थे। ईशान ने आईपीएल के पहले मैच में शतक जमाया ईशान ने आईपीएल के अपने पहले मैच में 106 रन की पारी खेलकर वापसी के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। उन्होंने आईपीएल के इस सीजन में खेले 7 मैचों में 170.37 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है।

**सूची में 34 खिलाड़ी शामिल :** बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों में 34 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पिछले साल 30 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। वहीं ग्रेड ए+ में पिछले साल की तरह चार खिलाड़ी ही हैं। ग्रेड ए में 6 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

### आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक बोले

# राजस्थान रॉयल्स जीता मैच कैसे हारी?

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की 2 रन से हार सवालों के घेरे में है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) एडहॉक कमेटी के संयोजक और बीजेपी विधायक जयदीप बिहाणी ने बयान जारी कर राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन व राज्य खेल परिषद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जयदीप बिहाणी ने कहा-राजस्थान रॉयल्स के उपाध्यक्ष आरसीए को क्रिकेट से दूर करने की एक सोची-समझी साजिश के तहत काम कर रहे हैं। आरआर का जयपुर में खेला गया पिछला मैच भी संदेह के घेरे में है। न जाने किस तरह राजस्थान रॉयल्स जीता हुआ मैच गंवा बैठी। ये किस ओर इशारा करता है। इसका राज्य के युवा खिलाड़ियों पर क्या प्रभाव पड़ता है? राजस्थान रॉयल्स के वाइस प्रेसिडेंट राजीव खन्ना ने इन आरोपों पर कहा- जयदीप बिहाणी ने जो कहा, उस बारे मैं कुछ नहीं कहना चाहता हूं। बताया जा रहा है कि आरआर मैनेजमेंट ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को शिकायत कर बिहाणी पर आईपीएल की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। सीएमओ से भी मामले की शिकायत की है। आईपीएल मैच जयपुर से शिफ्ट करने पर विचार हो रहा है।



# लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली में भिड़ंत आज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के 40वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला मंगलवार, 22 अप्रैल को यह मैच लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। लखनऊ और दिल्ली दोनों टीमों के अंक बराबर होने के कारण, यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है। यह इस सीजन में दूसरी बार है जब ये दोनों टीमें आमने-सामने होंगी, इससे पहले खेले गए मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने एक विकेट से जीत दर्ज की थी। ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आखिरी ओवर में रोमांचक जीत के बाद इस मैच में उतरेगी। ऐसा लग रहा था कि मैच आरआर की झोली में आ जाएगा, लेकिन आखिरी क्षणों में आवेश खान के शानदार 20वें ओवर की बदौलत मैच आरआर से छीन लिया गया। इंदौर के इस तेज गेंदबाज ने न केवल तीन विकेट चटकाए, बल्कि आखिरी छह गेंदों में नौ रन भी बचाए।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक मोहन शर्मा के लिए ए-9, प्रथम तल, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं मोहन शर्मा एण्ड कंपनी प्रा.लि. ए-9, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर से मुद्रित। संपादक : अरुज मोहन भारद्वाज, संपादकीय प्रभारी : फूलचन्द बिलोनिया* मो. 98875-21440, फोन: 2210316 फैक्स-2210022, अखबार प्राप्त करने के लिए : 2210316 आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2005/15194 e-mail: morningnews22@gmail.com/editorial.morningnews@gmail.com

*पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेदार।